बैठक | पर्यावरण और आस्था का अद्भुत संगम बनेगी 16वीं संस्कार कावड़ यात्रा, एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद

नर्मदा जल के साथ देववृक्ष ले जाना प्रकृति संरक्षण का अनूठा संदेश : पटेल

नवभारत, जबलपुर। आगामी 10 अगस्त को आयोजित होने वाली 16वीं संस्कार कावड़ यात्रा को भव्य, सुव्यवस्थित और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को घंटाघर स्थित कन्वेंशन सेंटर में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, महापौर अन्नू सिंह, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, आयोजन समिति के पदाधिकारी तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में यात्रा की सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिम्मेदारियां तय की गईं।

धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का अभियान

इस मौके पर मौजूद रहे कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा की संस्कार कावड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और जल संरक्षण का जनअभियान है। उन्होंने कहा की इस यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रत्येक कावड़िया एक ओर मां नर्मदा का पवित्र जल और दूसरी ओर देवस्वरूप पौधा लेकर चलता है। इससे भगवान शिव के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचता है। उन्होंने पिछले वर्ष यात्रा में शामिल होने के अनुभव साझा करते हुए इसे अपना सौभाग्य बताया और विश्वास जताया की इस बार भी यात्रा नए आयाम स्थापित करेगी।

पौधों के संरक्षण पर रहेगा विशेष जोर

बैठक में इस बात पर विशेष मंथन किया गया की कावड़ियों द्वारा यात्रा के दौरान ले जाए जाने वाले पौधों का संरक्षण किस प्रकार सुनिश्चित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण का मूल उद्देश्य पूरी तरह सफल हो सके। आयोजन समिति के सदस्य राजेश यादव ने बताया की करीब 16 वर्ष पहले लगभग 500 श्रद्धालुओं के साथ शुरू हुई यह यात्रा आज प्रदेश की सबसे बड़ी और विशिष्ट कावड़ यात्राओं में शुमार हो चुकी है।

बैठक में ये रहे उपस्थित

कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, महापौर अन्नू सिंह, निगमाध्यक्ष रिंकू विज,विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पाण्डे समेत अनेक जनप्रतिनिधि एवमसंस्कार कावड़ यात्रा आयोजन समिति के शिव यादव ,नीलेश रावल पदाधिकारी सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

35 किलोमीटर की यात्रा, एक लाख से अधिक कावड़ियों की तैयारी

आयोजन समिति के सदस्य राजेश यादव ने बताया की यात्रा 10 अगस्त को ग्वारीघाट से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए खमरिया स्थित कैलाशधाम मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। लगभग 35 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में इस वर्ष एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए यातायात, सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, सफाई और स्वागत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

दस साल का इंतजार खत्म, 83 लिपिक हुए पदोन्नत

▸ लंबे समय से अटकी पदोन्नति प्रक्रिया को आखिरकार मिली हरी झंडी

नवभारत, जबलपुर। मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र आनंद प्रकाश राणे ने अधीनस्थ संभागों के 83 सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। यह पदोन्नति नियम-1972 के प्रावधानों के तहत पे-मैट्रिक्स लेवल-6 (25300-80500) के वेतनमान में अस्थाई रूप से की गई है। पिछले 10 वर्षों से पदोन्नति की राह देख रहे इन कर्मचारियों को योग्यता और वरिष्ठता का लाभ मिला है। मध्य प्रदेश शासन की कर्मचारी हितैषी नीतियों के कारण आज लाखों कर्मचारियों को आर्थिक व पदोन्नति लाभ मिल रहा है। उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद प्रदेश के समस्त विभागों में रोक लगी हुई थी, जिसके चलते योग्यता होने के बाद भी बिना पदोन्नत हुए अनेक कर्मी पूर्व में सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

कर्मचारी संघ ने मुख्य अभियंता की सराहना की

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, जी. पी. द्विवेदी, योगेश देशमुख, रवि बांगड़, प्रशांत तिवारी, भूपेंद्र रघुवंशी, अरविंद शाहू, संजय मजूमदार, अनुराग गुप्ता, नितिन सेलेट, आशीष नामदेव, राजेंद्र गुप्ता और रोशन पासी ने इस निष्पक्ष निर्णय का स्वागत किया है। कर्मचारियों ने 24 घंटे सघन चरित्र पंजिका (सीआर) की जांच करने और पारदर्शिता के साथ पात्र कर्मियों को प्रमोट करने पर मुख्य अभियंता आनंद प्रकाश राणे के कार्य की जमकर प्रशंसा की है।

पदोन्नति प्रक्रिया में अधिकारियों का विशेष योगदान

इस प्रक्रिया को गति देने में मुख्य अभियंता आनंद प्रकाश राणे, अधीक्षण यंत्री प्रशासन डी. के. शरीबान, लेखा अधिकारी संजना चौकसे, शशिकिरण खरे, अंजना श्रीवास्तव और तंतुवाय का विशेष योगदान रहा। इन अधिकारियों की सक्रियता से लंबे समय से अटकी पदोन्नति सूची को अंतिम रूप दिया जा सका। समय पर लिए गए इस निर्णय से पदोन्नत कर्मचारियों के प्रशासनिक मनोबल में वृद्धि होगी और विभागीय कार्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

एक नजर में

लापता राकेश राम 5 साल बाद अपने घर रवाना

नवभारत, जबलपुर। भेड़ाघाट के सरस्वती घाट पर पिछले लगभग 5 वर्षों से अपने घर से लापता युवक राकेश राम को स्थानीय सहयोगियों की मदद से उसके गृह ग्राम रवाना किया गया। सभी लोगों के सहयोग से युवक को उसके गाँव महेंद, तहसील मुहम्मदाबाद, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश भेजने का प्रबंध किया गया। इस दौरान भेड़ाघाट मंडल उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, सतीश सेन, साहिल विश्वकर्मा, रोहित बर्मन, बहादुर बर्मन और रंजीत सेन मौजूद रहे।

पौधे लगाकर मनाया पूजा मिश्रा का जन्मदिन

नवभारत, जबलपुर। वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजेश श्रीवास के नेतृत्व में मोनि तिराहा पर सुबह 10 बजे पौधे लगाकर पूजा कौशल कांत मिश्रा का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर नगर महासचिव हुकमचंद जैन, नगर उपाध्यक्ष सुबड, जग्गू विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष प्रकोष्ठ रवि राय, ब्लॉक महासचिव मंडलम अध्यक्ष नारायण गुप्ता, जगदीश दाहिया, महेश मिश्रा, प्रकाश उपाध्याय, सोनू गुप्ता, नगर महासचिव महेंद्र त्रिपाठी और मनीष मौर्य सहित कांग्रेस के कई निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आरके सिंह सैनी ने स्टेट बार चुनाव में रचा इतिहास

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2026 में आर.के. सिंह सैनी ने सबसे अधिक वोट पाकर इतिहास रच दिया है। वे मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में किसी एक जिले से आज तक सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले पहले अधिवक्ता बन गए हैं। शहर की मतपेटी खुलते ही सर्वाधिक वोट हासिल कर उन्होंने राज्य अधिवक्ता परिषद में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। यह पहली बार हुआ है जब पूरे राज्य के किसी एक जिले से किसी अधिवक्ता को इतने बड़े पैमाने पर वोट प्राप्त हुए हैं, जिसने संस्कारधानी को गौरवान्वित किया है। इस ऐतिहासिक जीत से जबलपुर के समस्त अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। अपनी इस लोकप्रियता और ऐतिहासिक जीत पर आभार व्यक्त करते हुए आर.के. सिंह सैनी ने कहा कि अधिवक्ता साथियों ने उन्हें जो प्यार, आशीर्वाद और सहयोग प्रदान किया है, उसके लिए वे जबलपुर के साथ-साथ मध्य प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हैं और हमेशा अपने अधिवक्ता भाइयों के हित में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं।

कल लगेगा देश के जाने-माने नेत्र रोग विशेषज्ञों का जमावड़ा

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर डिविजनल ऑप्थैलमिक सोसायटी द्वारा डॉ. आर. के. मिश्रा मेमोरियल छठा वार्षिक सम्मेलन रविवार, 12 जुलाई को सुबह 10:30 बजे से वेलकमहोटल बाय आईटीसी, जबलपुर में होने जा रहा है। इसमें देश के नेत्र विशेषज्ञ ऑक्यूलोप्लास्टी, ऑर्बिट और नेत्र आघात के आधुनिक उपचार पर शोध प्रस्तुत करेंगे। उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रुसिया मुख्य अतिथि और मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना विशिष्ट अतिथि होंगे। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के डॉक्टर वैज्ञानिक सत्रों, केस प्रेजेंटेशन और डॉ. आर. के. मिश्रा मेमोरियल अवॉर्ड सेशन में भाग लेंगे। यहाँ पलकों के रोग, थायराइड आई डिजीज, रेटिनोब्लास्टोमा, ऑर्बिट ट्यूमर, लैक्रिमल सर्जरी और ऑर्बिटल ट्रॉमा के उपचार पर चर्चा होगी। युवा डॉक्टरों के लिए वैज्ञानिक प्रतियोगिता भी होगी, जिसमें उत्कृष्ट शोध व केस प्रेजेंटेशन सम्मानित किए जाएंगे।

आधुनिक उपचार पद्धतियों पर होगी विस्तृत चर्चा

सत्र के मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉ. अशोक कुमार ग्रोवर ऑक्यूलोप्लास्टी और ऑर्बिटल रोगों के जटिल मामलों के निदान व उपचार पर व्याख्यान देंगे। उनके साथ चित्रकूट के ऑक्यूलोप्लास्टी विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पाटीदार भी अनुभव साझा करेंगे। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. रविन दास ने बताया कि इसका उद्देश्य विशेषज्ञों को नवीनतम पद्धतियों से अवगत कराकर चिकित्सा की गुणवत्ता सुदृढ़ करना है। सचिव डॉ. अविजित विष्णोई ने कहा कि अग्रणी डॉक्टरों के व्याख्यान, जटिल मामलों पर चर्चा और वैज्ञानिक संवाद से प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। उन्होंने सभी नेत्र विशेषज्ञों और प्रशिक्षणरत डॉक्टरों से अधिकाधिक सहभागिता का आग्रह किया है।

नागरिकों तक पहुंचने वाला पानी स्वच्छ, सुरक्षित और मानकों के अनुरूप होना चाहिए : देवेन्द्र

▸ अपर आयुक्त ने भोंगाद्वार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का लिया जायजा, परखी व्यवस्था, प्लांट की कार्यप्रणाली देखी

नवभारत,जबलपुर। नागरिकों को स्वच्छ और निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चैहान ने भोंगाद्वार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट के संचालन से लेकर जल वितरण व्यवस्था की बारीकियों को गंभीरता से समझा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चैहान ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के विभिन्न चरणों - रॉ-वाटर पंपिंग, सेडिमेंटेशन, फिल्ट्रेशन और क्लोरिनेशन प्रोसेस को करीब से देखा। उन्होंने पानी की शुद्धता जांचने वाली लैब का भी अवलोकन किया और इस बात पर विशेष जोर दिया कि नागरिकों तक पहुंचने वाला पानी पूरी तरह स्वच्छ, सुरक्षित और मानकों के अनुरूप होना चाहिए।

स्टाफ की पीठ थपथपाई, बोले- बैकअप सिस्टम अलर्ट मोड रखे

अपर आयुक्त ने प्लांट के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों और तकनीकी स्टाफ की पीठ थपथपाई, साथ ही भविष्य की तैयारियों को लेकर निर्देश दिये कि पेयजल की शुद्धता की नियमित अंतराल पर जांच की जाए। शहर के सभी हिस्सों में निर्धारित समय पर और पर्याप्त दबाव के साथ पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो। बिजली कटौती या तकनीकी खराबी की स्थिति से निपटने के लिए बैकअप सिस्टम को हमेशा अलर्ट मोड पर रखा जाए। भोंगाद्वार प्लांट हमारी जल आपूर्ति व्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए इसके संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टीम बेहतर काम कर रही है, और हम इसे और अधिक आधुनिक व सुदृढ़ बनाएंगे।

विद्युत वितरण कंपनी ने 139 सहायक अभियंताओं को दी बड़ी जिम्मेदारी

नवभारत, जबलपुर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने पदोन्नति प्रक्रिया को गति देते हुए 139 सहायक अभियंताओं को कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नत किया है। लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे अधिकारियों के लिए यह निर्णय बड़ी सौगात माना जा रहा है। कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति से कंपनी की तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। पदोन्नत अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से उनका मनोबल बढ़ेगा तथा वे उपभोक्ताओं को और बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए अधिक उत्साह एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

विभिन्न संवर्गों के 1944 कर्मियों को मिला लाभ

कंपनी द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर जारी आदेशों के अनुसार विभिन्न संवर्गों में अब तक कुल 1,944 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिल चुका है। इनमें प्रथम श्रेणी के 78, द्वितीय श्रेणी के 147 अधिकारियों एवं तृतीय श्रेणी के 627 तथा चतुर्थ श्रेणी के 1,092 कर्मचारी शामिल हैं। प्रबंध संचालक अजय गुप्ता एवं मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन सम्पदा सराफ गुर्जर ने सभी पदोन्नत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों के निर्वहन का अवसर भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदोन्नत अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा, दक्षता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए कंपनी की कार्यकुशलता बढ़ाने तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर विद्युत सेवाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

लायंस और गुंजन कला सदन ने किया तनिष्क शुक्ला का सम्मान

नवभारत, जबलपुर। इंडियन आइडल फेम तनिष्क शुक्ला का लायंस परिवार जबलपुर एवं गुंजन कला सदन मध्य प्रदेश द्वारा भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर गुंजन कला सदन मध्य प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री नरेंद्र जैन, संयोजक प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, आलोक पाठक एवं युवराज गढ़वाल उपस्थित रहे। इन सभी सहयोगियों ने तनिष्क शुक्ला को साफा, शाल, श्रीफल और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस गरिमामयी सम्मान कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, जिन्होंने तनिष्क शुक्ला के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके द्वारा शहर का नाम रोशन करने की सराहना की। इस अवसर पर जबलपुर के सांसद आशीष दुबे, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे और पार्षद कमलेश अग्रवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी अतिथियों ने तनिष्क शुक्ला को संगीत के क्षेत्र में उनकी शानदार उपलब्धि और प्रतिभा के लिए बधाई दी। उपस्थित लायंस परिवार और कला प्रेमियों ने इसे शहर के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया और कला को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता पर बल दिया।

सीड बॉल अभियान से हरियाली का संदेश, पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का लिया संकल्प

नवभारत, जबलपुर। शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग एवं सलीम अली क्लब के अंतर्गत शुक्रवार को सीड बॉल वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के निर्देशन एवं प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. साधना केसरवानी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का संचालन सलीम अली क्लब की प्रभारी डॉ. रश्मि सिंगरौरे ने किया। इस मौके पर डॉ. रश्मि सिंगरौरे ने कहा की सीड बॉल मिट्टी, गोबर खाद तथा आम, जामुन, इमली और बेर जैसे देशी वृक्षों के बीजों से तैयार किया जाता है। यह कम श्रम और कम लागत में अधिक वृक्षारोपण का प्रभावी एवं पर्यावरण अनुकूल माध्यम है।

अभिभावकों, छात्राओं और नागरिकों को बांटे सीड बॉल

महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान पहुंचे अभिभावकों, छात्राओं तथा राहगीरों को सीड बॉल वितरित किए गए। साथ ही सभी से अधिक से अधिक सीड बॉल का उपयोग कर हरित पर्यावरण के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. पर्णाश्री मुखर्जी, डॉ. निधि चौबे, डॉ. अनिता कौशल एवं डॉ. राजकुमार गौतम सहित महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

सौगात | हनुमानताल वार्ड को मिली 87 लाख के विकास कार्यों की सौगात,गोविंदगंज स्कूल में बनेंगे नए अतिरिक्त कक्ष एवं क्षेत्र में रोड़, नाली का होगा निर्माण

निगम के बच्चे अपनी प्रतिभा के दम पर कॉन्वेंट स्कूलों के बच्चों को दे रहे टक्कर : महापौर

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम विद्यालय के बच्चों को एक बेहतर और आधुनिक शैक्षणिक परिवेश प्रदान करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। आज हमारे निगम के बच्चे अपनी प्रतिभा के दम पर कॉन्वेंट स्कूलों के बच्चों को टक्कर दे रहे हैं। यह बातें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने हनुमानताल वार्ड के अंतर्गत नगर निगम गोविंदगंज स्कूल में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण सहित वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में रोड और नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते हुए कहीं। उन्होंने 87 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों का शुभारंभ किया ।

उन्होंने कहा कि महापौर गुरुकुल के माध्यम से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष और नि:शुल्क कोचिंग दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्रों को इंदौर की हवाई यात्रा कराई जाती है। प्रतिवर्ष बच्चों को मॉल में प्रेणात्मक फिल्में दिखाई जाती हैं और समर वैकेशन में नि:शुल्क खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए उनका सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोविंदगंज स्कूल में छात्राओं की बढ़ती संख्या और जगह की कमी को देखते हुए 4 नए आधुनिक कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जाएंगे।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का कुशल संचालन विजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिक रजनीकांत अग्रवाल, गोविंद रैकवार, संतोष लालवानी, राजेश ठाकुर, विजय यादव, राकेश अग्रवाल, आशा मिश्रा एवं नगर निगम विद्यालय के प्राचार्यगण राकेश जैन, दीप्ति शर्मा, रागनी गर्ग, कीर्ति परोहा आदि के साथ विद्यालय के शिक्षकगण ज्योति अग्रवाल, श्वेता जैन, मिनाक्षी रावत, दीपा पाण्डेय, श्रद्धा हजारी, स्वाती सराबगी आदि उपस्थित रहे।

बेटियां रचंह्यह्योगी इतिहास : अभिलाष

उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने विद्यालय के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि यह एक अत्यंत प्राचीन और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है। यहाँ से पढ़कर निकलीं बेटियां आज विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि नए कक्षों के निर्माण से वर्तमान छात्राओं को और बेहतर माहौल मिलेगा, जिससे वे अपना भविष्य उज्ज्वल कर सकेंगी। वहीं, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने इस निर्माण कार्य को विद्यालय के भौतिक और ढांचागत विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर और डॉ. सुभाष तिवारी ने भी शिक्षा व विकास के क्षेत्र में अपने विचार रखे। क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती कविता रैकवार ने वार्ड में विकास की गंगा बहाने के लिए महापौर, विधायक और निगमाध्यक्ष के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय ने शाला की प्रगति रिपोर्ट और छात्राओं की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

आरक्षण नियमों के उल्लंघन के खिलाफ छात्रों ने किया आंदोलन

नवभारत, जबलपुर। गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन मध्य प्रदेश ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति और मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के नाम ज्ञापन सौंपकर एक दिवसीय आंदोलन किया। संगठन का आरोप है कि मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की समूह-2, उपसमूह-1 कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा-2026 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण रोस्टर का घोर उल्लंघन हुआ है। राज्य में इस वर्ग के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण का नियम है, जिसके तहत कुल 2784 पदों में से लगभग 557 पद मिलने चाहिए थे, लेकिन केवल 122 पद ही घोषित किए गए। घोषित अन्य पदों में अनारक्षित वर्ग के 1126, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 444, अनुसूचित जाति के 316 और अन्य पिछड़ा वर्ग के 776 पद शामिल हैं, जिनमें अदालती प्रक्रिया के कारण 13 प्रतिशत पद रोके गए हैं। युवाओं का कहना है कि रोस्टर का पालन न होने से आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है और रोजगार के अवसर छीने जा रहे हैं।

भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता की मांग

इसके साथ ही ज्ञापन में नीट, एमपीपीएससी, व्यापम और पटवारी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक का मुद्दा भी उठाया गया है। संगठन ने पिछले 3 साल के मामलों की सीबीआई या उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराने, प्रभावित छात्रों को परीक्षा शुल्क व यात्रा खर्च लौटाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। छात्रों ने शासकीय कॉलेजों में पढ़ रहे एसटी, एससी और ओबीसी विद्यार्थियों की रुकी छात्रवृत्ति व आवास भत्ता भी तुरंत जारी करने की मांग की, जिसके बिना छात्र परीक्षा फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में भर्ती का विभागीय आरक्षण रोस्टर सार्वजनिक करना, त्रुटि मिलने पर संशोधित विज्ञापन जारी करना और अनुसूचित जनजाति के बैकलॉग पदों के लिए विशेष भर्ती चलाना शामिल है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि ठोस कार्रवाई न होने पर वे बड़ा आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।